प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 22.05.2026

थाना नन्दग्राम पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से नशीली टैबलेट बरामद

कार्यवाही का विवरण: थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान, आश्रम कट के पास उत्तरांचल भवन के पीछे खाली पड़े मैदान से 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 608 अदद Alprazolam Tablets IP 0.5 mg (ALPHA 0.5) नशीली टैबलेट बरामद की गई हैं। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त का नाम व पता: रितिक पुत्र राजकरन, निवासी: मकान नं०-553, गली नं०-7, तीस फुटा रोड, दीनदयालपुरी, नन्दग्राम, थाना नन्दग्राम, कमिश्नरेट गाजियाबाद (उम्र - 22 वर्ष)।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास: अभियुक्त रितिक के विरुद्ध थाना नन्दग्राम में कुल 04 अभियोग (आबकारी अधिनियम, लूट, चोरी और एनडीपीएस (NDPS) अधिनियम से संबंधित) पंजीकृत हैं।

पूछताछ का विवरण: अभियुक्त रितिक से पूछताछ करने पर उसने बताया कि, "साहब, मैं ये नशीली टैबलेट मोहन नगर बस अड्डे पर एक व्यक्ति से लाता हूँ, जिसका नाम और पता मुझे नहीं मालूम है। इन्हीं टैबलेट्स को बेचकर मैं अपना गुजारा करता हूँ।"

बरामदगी का विवरण: 608 अदद Alprazolam Tablets IP 0.5 mg (ALPHA 0.5) नशीली टैबलेट।

गिरफ्तार करने वाली टीम: थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा अनैतिक देह व्यापार करने वाले व 02 अभियुक्त व 01 महिला अभियुक्ता गिरफ्तार ।

घटना एंव कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 21.05.2026 को थाना कविनगर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना कविनगर क्षेत्र के शास्त्रीनगर स्थित एक मकान में महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार का अनैतिक कार्य कराया जा रहा है। इस सूचना पर कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए छापेमारी कर अनैतिक देह व्यापार करने वाले 02 अभियुक्तों व 01 महिला अभियुक्ता को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण:गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ की गई तो मुख्य अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मकान किराये पर देह व्यापार करने के लिए ले रखा है और हम तीनों मिलकर यहाँ देह व्यापार का काम करते हैं। पुरुष अभियुक्त ग्राहकों को बुलाते हैं और उनकी महिला मित्र इस काम के लिए अन्य महिलाओं को बुलाती है। देह व्यापार से प्राप्त रुपयों से ही वे अपना घर चलाते हैं। गिरफ्तार महिला अभियुक्ता ने भी उपरोक्त अभियुक्तगण की बात का समर्थन करते हुए बताया कि वे सब मिलकर इस काम को करते हैं। पुरुष अभियुक्त ग्राहकों को बुलाते हैं और वह स्वयं अन्य महिलाओं को इस काम के लिए बुलाती है। इसी से प्राप्त रुपयों से वह अपना घर चलाती है। पूछताछ में यह भी स्वीकार किया गया कि मौके से बरामद रुपये इसी अनैतिक कार्य से अर्जित किए गए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण:

- 02 पुरुष
- 01 महिला

बरामदगी:

1. 05 बिना इस्तेमाल आपत्तिजनक वस्तु
2. 02 मोबाइल फोन
3. 21 पैकेट टिश्यू पेपर व 02 इस्तेमाल किए हुए टिश्यू पेपर
4. 21,100/- रुपये नकद

गिरफ्तार करने वाली टीम:- पुलिस टीम थाना कविनगर